संख्या- 20 /539 /अड्तीस-9-14-500(26)/2013

प्रेषक

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक- 30 जून, 2014**

विषय- विधायक निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की प्रगति की सूचना मा0 विधान सभा/विधान परिषद सदस्यों को समय से उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-874/अडतीस-9-2013-500(26)/2013, दिनांक-11.07.2013 के क्रम में अवगत कराना है कि उ0प्र0 विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति में साक्ष्य के दौरान मा0 सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया है कि विधायक निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की प्रगति की सूचना डी0आर0डी0ए0 के माध्यम से मा0 विधायकों को समय से उपलब्ध नहीं करायी जा रही है।

2- इस सम्बन्ध में सूच्य है कि विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना की गाइड लाइन के प्रस्तर-5.4 में पूर्व से ही उक्त आशय के प्राविधान विद्यमान है, जो निम्नवत है:-

प्रस्तर-5.4

मुख्य विकास अधिकारियों को चाहिए कि वे इस योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में सूचना एवं रिर्पोटों की प्रतियां मा0 विधान सभा/विधान परिषद सदस्यों को भी उपलब्ध करायें।

3- उपरोक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया योजना की गाइड लाइन के प्रस्तर-5.4 में की गई व्यवस्था का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

संख्या- 20 /539 (1) /अड्तीस-9-2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि, आयुक्त, ग्राम्य विकास को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये आख्या शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/